अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 10 जुलाई 2023
प्रथम श्रावण कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 09 : MIDDLE

कॉमेडी ऑफ सस्पेंस को देख लोटपोट हुए दर्शक

रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

एसआरएमएस रिद्धिमा में हास्य नाटक का हुआ मंचन

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को हास्य नाटक कॉमेडी ऑफ सस्पेंस का मंचन हुआ। आयन रैंड लिखित और राखी मानव की ओर से निर्देशित इस नाटक में एक महिला कनिका पर शहर के बड़े व्यापारी राज कौटिल्य की हत्या का आरोप है।

कनिका राज कौटिल्य की पूर्व पर्सनल सेक्रेटरी है, जो उसके हर सही गलत काम में शामिल रहती थी। अपनी आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए राज शहर के रईस बैंकर प्रकाश राजवंशी की बेटी सुकन्या से शादी कर लेता है। अदालत की सुनवाई में गवाहियों से राज कौटिल्य की हत्या के साथ और भी राज खुलते हैं। इस मामले की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील कुंदन चौधरी और बचाव पक्ष के वकील मनीष सूझबूझ से दलीलें पेश करते हैं, लेकिन बीच-बीच में आपस में झगड़ पड़ते हैं। अंत में कनिका बताती है कि राज जिंदा था। उसने उसकी मौत का नाटक रचा था।

इस दौरान कई हास्यास्पद स्थितियां पैदा होती हैं, जिस पर लोग लोटपोट हो जाते हैं। कनिका ने निधि सक्सेना का किरदार निभाया। जज की भूमिका मानव मेहरा ने की। नाटक में मानसी, रियांशी, साकेत, फरदीन आदि ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।